समाजिक वानिकी एवं परि–पुनस्थापन केन्द्र इलाहाबाद
हिंदी दिवस कार्यक्रम 2012

समाजिक वानिकी एवं पारि–पुनस्थिापन केन्द्र, इलाहाबाद के तत्वावधान में दिनांक 14.09.12 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री एम.के. शुक्ला, भारतीय वन सेवा निदेशक, सी. एस. एफ. ई. आर. थे। इस कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक गण अधिकारी, कर्मचारी तथा परियोजना सहायकों ने भाग लिया। उद्घाटन भाषण में निदेशक महोदय ने हिन्दी को सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक बढावा देने हेतु मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर निबन्ध, सुलेख तथा काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्र के सभी सदस्यों ने अतिउत्साह पूर्वक भाग लिया। **पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि वानकी–विस्तार एवं सम्भावनाएं** विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में श्री शिव महेन्द्र सिंह परियोजना सहायक प्रथम, श्री संजीव कुमार क्षेत्र सहायक द्वितीय तथा श्री वरूण कुमार मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **सुलेख प्रतियोतिगता** में श्री प्रभाकर सिंह अनुसंधान अध्येता प्रथम, संजीव कुमार द्वितीय तथा शिव महेन्द्र सिंह परियोजना सहायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अपराह्न कार्यक्रम के समापन समारोह में **काव्य पाठ प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में केन्द्र के सदस्यों डा0 बी. के. पाण्डेय, डा0 कुमुद दूबे, डा0 अनीता तोमर, श्री शियाराम (कार्यालय सहायक), श्री ऐ. के. श्रीवास्तव (कार्यालय अधिक्षक) तथा परियोजना सहायको ने स्वरचित काव्य पाठ करके उत्साहवर्धक योगदान दिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में शिव महेन्द सिंह प्रथम, डा0 अनीता तोमर (वैज्ञानिक) द्वितीय तथा डा0 बी. के. पाण्डेय (वैज्ञानिक) तृतीय स्थान पर रहे। केन्द्र निदेशक श्री शुक्ला ने सफल प्रतियोगियों को पुरस्कार राशि तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन तथा धन्यवाद ज्ञापन डा0 अनुभा श्रीवास्तव (अनुसंधान अधिकारी) द्वारा किया गया।

निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

सुलेख प्रतियोगिता

पुरस्कार वितरण

दिनांक-14.09.012

सामाजिक वानिकी एंव पारि-पुनर्स्थापन केन्द्र
3/1, लाजपत राय रोड, नया कटरा, इलाहाबाद